कलराज मिश्र
राज्यपाल, राजस्थान

सत्यमेव जयते

Kalraj Mishra
Governor, Rajasthan

# अपील

फ्रांस व ऑस्ट्रिया के सेनाओं के वर्ष 1859 में हुए युद्ध स्थल में हृदय विदारक दृश्य व आहत सैनिकों की चीत्कार से द्रवित सर हैनरी ड्यूनॉट नामक स्विस नागरिक के प्रयासों से वर्ष 1864 में समान विचार वाले व्यक्तियों ने सामूहिक चिन्तन कर मानव की पीड़ा के निवारण हेतु कार्य करने के लिए "रेडक्रॉस" संस्था को प्रारम्भ किया।

भारत में रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1920 में हुई एवं वर्ष 1951 से इसकी राजस्थान शाखा युद्धकाल में सैनिकों और उनके परिवारों की सेवा सुश्रुषा तथा शान्तिकाल में दैवी विपदाओं जैसे **अकाल, बाढ़, अग्निकांड, भूकम्प, महामारी, दंगों आदि** के समय प्रभावित लोगों की सेवा व सहायता के कार्य में अनवरत जुड़ी रहती है। राजस्थान में रेडक्रॉस द्वारा चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में भी कार्य किये जा रहे हैं। पिछले एक वर्ष से कोरोना महामारी के दौरान, रेड़क्रॉस सदस्यों का विशेष योगदान रहा हैं। अपने कार्यक्रमों के संचालन के लिए रेडक्रॉस द्वारा जनसहयोग से कोष संग्रह किया जाता है। रेडक्रॉस को दिया गया सहयोग आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80–(G)(2)(a)(iv) के तहत आयकर में 50 प्रतिशत छूट की पात्रता रखता है।

मैं राजस्थान में रेडक्रॉस के उत्तरोत्तर विकास की कामना करता हूँ एवं आप सभी से अपील करता हूँ कि रेडक्रॉस से सदस्य के रूप में जुडकर रेडक्रॉस के कोष को सुदृढ़ बनाए। राजस्थान के कोष संग्रह एवं सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक योगदान करें जिससे रेडक्रॉस द्वारा मानव कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

कलराज मिश्र

**(कलराज मिश्र)**
राज्यपाल, राजस्थान